दिन–शनिवार दिनांक– 25 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को बेहतर चुनावी प्रबंधन के लिए करेंगी सम्मानित।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – एक ही कार्यकाल में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सकता है।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की।

———————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। इसका प्रसारण शाम सात बजे से आकाशवाणी के पूरे राष्ट्रीय नेटवर्क पर किया जायेगा। दूरदर्शन पर इसका प्रसारण पहले हिन्दी में और बाद में अंग्रेजी भाषा में होगा। इसके बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जायेगा। आकाशवाणी के क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में राष्ट्रपति के संबोधन का प्रसारण किया जायेगा।

———————————————————

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन के चलते आकाशवाणी पटना से शाम सात बजकर तीस मिनट पर प्रसारित होने वाले सांध्यकालीन प्रादेशिक समाचार बुलेटिन के समय में परिवर्तन किया गया है। यह बुलेटिन आज शाम छह बजकर तीस मिनट से प्रसारित किया जायेगा।

———————————————————

राष्ट्र कल अपना छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनायेगा। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित विजय चौक पर झंडोत्तोलन करेंगी। समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में

देशभर से लगभग दस हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इसमें एक सौ अड़सठ विशेष अतिथि बिहार के हैं। कर्तव्य पथ पर आयोजित समारोह में आठ वर्षों बाद बिहार की झांकी प्रदर्शित की जाएगी। राज्य की झांकी में ज्ञान और शांति की परंपरा को प्रदर्शित किया गया है। पुर्नस्थापित नालंदा विश्वविद्यालय के माध्यम से बिहार में प्राचीन विरासत के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों और राजगीर स्थित घोड़ा–कटोरा जलाशय में स्थापित भगवान बुद्ध की प्रतिमा को झांकी में जगह दी गयी है।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर पटना के गांधी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य राजकीय समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां झंडोत्तोलन करेंगे। इस दौरान परेड में सीआरपीएफ, एसएसबी, आईटीबीपी, एसटीएफ, महिला बटालियन, बिहार पुलिस, एनसीसी और भारत स्काउट्स एंड गाइड समेत बीस टुकड़ियां शामिल होंगी। वहीं, पंद्रह विभागों और संस्थानों की झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा। राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि गांधी मैदान को चार सेक्टर और सब सेक्टर में बांटा गया है। एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरे से चप्पे–चप्पे की निगरानी की जायेगी। वहीं, इकहत्तर स्थानों पर एक सौ तेरह दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर राजधानी पटना की यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। इधर, पड़ोसी देश नेपाल से लगने वाली सीमा पर भी सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। सभी जिला मुख्यालयों में भी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं डॉ. सविता पारीक।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। इस वर्ष मतदाता दिवस का विषय है– **वोट जैसा कुछ भी नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।** भारत में निर्वाचन आयोग की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष दो हजार ग्यारह से प्रत्येक वर्ष पच्चीस जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मतदाताओं, विशेषकर नये मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करना और चुनाव प्रक्रिया में उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु वर्ष दो हजार चौबीस का सर्वोत्तम चुनावी पद्धति पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस बार बेहतर चुनाव प्रबंधन के साथ लोकसभा चुनाव, दो हजार चौबीस को सफलतापूर्वक संपन्न कराने और आईटी पहल के लिए पूर्वी

चंपारण जिले का चयन किया गया है। राष्ट्रपति जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सौरभ जोरवाल को इस उपलब्धि के लिए सम्मानित करेंगी। इसके अलावा सरकारी विभागों और मीडिया संगठनों को चुनावी जागरूकता में बहुमूल्य योगदान के लिए पुरस्कृत किया जाएगा।

इधर, राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राजधानी पटना में आयोजित कार्यक्रम में वर्ष दो हजार चौबीस का राज्य स्तरीय सर्वोत्तम चुनावी पद्धति पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा चयनित अधिकारियों को सम्मानित करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से....

---रिपोर्ट---

राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ जिला निर्वाचन पदाधिकारी पुरस्कार के तहत तीन पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। वैशाली के जिलाधिकारी यशपाल मीणा को मतदाता सहभागिता बढ़ाने के प्रयासों के लिए, बांका के जिलाधिकारी अंशुल कुमार को निर्वाचन प्रबंधन में वित्तीय अनुशासन के पालन के लिए और रोहतास के तत्कालीन जिलाधिकारी नवीन कुमार को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। वहीं, पांच पदाधिकारियों को सर्वश्रेष्ठ निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी, ईआरओ के रूप में सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा पांच, एईआरओ और चालीस बीएलओ भी सम्मानित किये जायेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए आशीष रंजन।

---

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव, दो हजार चौबीस में हुए खर्च का ब्यौरा जारी किया है। आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार के अड़तीस लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव संपन्न कराने में आठ सौ चौबीस करोड़ रूपये खर्च हुए। वाल्मीकिनगर और पश्चिम चंपारण लोकसभा क्षेत्र में होने वाले खर्च की रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है। आयोग ने कहा है कि वर्ष दो हजार उन्नीस की तुलना में वर्ष दो हजार चौबीस में पांच सौ उन्नासी करोड़ रूपये अधिक खर्च हुए।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि एक ही कार्यकाल में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सकता है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में अंतरिम आदेश जारी किया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव ने सभी जिलाधिकारी उप विकास आयुक्त और जिला पंचायती राज पदाधिकारी को इस आदेश को तत्काल प्रभाव से अमल में लाने का निर्देश दिया है।

---

मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। कल भी इन जिलों में शीतदिवस की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, कल सुबह राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोहरा छाये रहने का भी पूर्वानुमान है। इधर, आज सुबह से मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, गया, नवादा, शेखपुरा और लखीसराय जिले में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाया हुआ है। दूसरी तरफ, राजधानी पटना और आस–पास के हिस्सों में अच्छी धूप खिली हुई है।

——————————————————————————

पटना में कल एक दिवसीय स्पोट्र्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कॉन्क्लेव का उद्घाटन करते हुए कहा कि राज्य सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी प्रमंडल में खेल गांव का निर्माण करवाया जाएगा।

———बाइट———

कॉन्क्लेव के समापन सत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने ओलंपियन विजेंद्र सिंह, पैरालंपिक एथलीट शरद कुमार, भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच हरेंद्र सिंह और भारतीय हॉकी टीम के पूर्व गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश समेत कई खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता भी उपस्थित थे।

——————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के चौथे चरण की शुरुआत एक फरवरी से होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि प्रगति यात्रा का चौथा चरण ग्यारह फरवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री दो फरवरी को बांका में, छह फरवरी को मुंगेर में और आठ फरवरी को लखीसराय तथा शेखपुरा में प्रगति यात्रा पर रहेंगे। वहीं, दस फरवरी को जमुई और ग्यारह फरवरी को नवादा में प्रगति यात्रा होगी।

——————————————————————————

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की तकनीकी टीम ने पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल हवाई अड्डे के निर्माण के लिए स्थलीय सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। एसडीएम शिवानी दीक्षित ने बताया कि टीम रक्सौल में विभिन्न पहलुओं का अध्ययन कर रही है।

उन्होंने बताया कि यह टीम अट्ठाईस जनवरी तक रक्सौल में रहकर एयरपोर्ट निर्माण की संभावनाओं का आकलन करेगी।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण के जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई, एसवीयू की छापेमारी में अब तक तीन करोड़ बावन लाख रुपए से अधिक बरामद किए गए हैं। जांच टीम छापेमारी के दौरान जब्त निवेश और जमीन के कागजात समेत बैंक खातों की भी जांच कर रही है। रजनीकांत प्रवीण के विभिन्न ठिकानों पर एसयूवी ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पिछले दिनों छापेमारी की थी।

———————————————————————————

किशनगंज का विश्व प्रसिद्ध खगड़ा मेला शुरू हो गया है। कल देर रात भूमि और राजस्व सुधार मंत्री दिलीप कुमार जयसवाल ने मेले का विधिवत उद्घाटन किया। यह मेला एशिया के दूसरे सबसे बड़े पशु मेले के रूप में जाना जाता है।

———————————————————————————

पटना स्थित एटीएस की विशेष अदालत ने दो बांग्लादेशी नागरिकों खैरुल मंडल और अबू सुल्तान को सात सात वर्ष  कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने इन दोनों को पिछले दिनों आतंकी गतिविधियों में शामिल रहने और फर्जी कागजात के आधार पर भारत में प्रवेश करने के मामले में दोषी करार दिया था।

———————————————————————————

भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के कोल्ह रामपुर गांव के पास आरा छपरा फोरलेन पर एक हाईवा की केबिन में आग लग जाने से चालक और खलासी की मौत हो गई।

———————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र से पुलिस और एसएसबी की टीम ने दो नेपाली नागरिकों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान को प्रमुखता देते हुए लिखा है – कर्पूरी ठाकुर के सपनों को साकार कर रही है केंद्र और राज्य सरकार।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – अनंत सिंह का अदालत में समर्पण, सोनू गिरफ्तार।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – पीएम मोदी चौबीस फरवरी को भागलपुर आयेंगे।

**प्रभात खबर** ने बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – पीटी में क्वालीफाइंग अंक भी नहीं ला सके दो लाख छात्र।

**आज अखबा**र लिखता है – पंचायत में बारह सौ से अधिक तकनीकी सहायकों की होगी नियुक्ति।

**राष्ट्रीय सहारा** की सुर्खी है – नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा का चौथा चरण एक फरवरी से।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी।

02. आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल को बेहतर चुनावी प्रबंधन के लिए करेंगी सम्मानित।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – एक ही कार्यकाल में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ दूसरी बार अविश्वास प्रस्ताव पेश नहीं किया जा सकता है।

04. और, मौसम विभाग ने आज सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिले में कुछ स्थानों पर शीतदिवस की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।